## दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की शोध छात्रा इति शिवहरे 'युवा गीतकार सम्मान' के लिए चयनित




इति शिवहरे उत्तर प्रदेश के एक छोटे से जिले औरैया से आती हैं एवं वर्तमान में ये दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में शोध छात्रा हैं | बचपन से ही इनकी कविताओं व लेखन में अत्यधिक रुचि रही है | उत्कृष्ट कविता एवं प्रांजल भाषा में लेखन करने वाली इति शिवहरे को कविकुल किरीट डॉ कुमार विश्वास की अनुशंसा पर, ललित फाउंडेशन के तत्वावधान में, नोएडा के होटल गौर सरोवर प्रीमियर में तीन दिवसीय अधिवेशन (19 जुलाई से 21 जुलाई) अभिव्यंजना 4.0 के दौरान युवा गीतकार सम्मान व 51000/- की राशि का सम्मान और प्रतीक चिह्न भेंट किया जाएगा। जोकि इस शिक्षण संस्थान के लिए भी एक गौरव का विषय है |

कार्यक्रम में देशभर से नामचीन साहित्यकार, गीतकार, और कविगण उपस्थित रहेंगे, जिससे यह अधिवेशन साहित्यिक क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बन जाएगा। डॉ. कुमार विश्वास की अनुशंसा को इस सम्मान की आधारशिला माना जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इति शिवहरे की लेखनी और काव्य प्रतिभा को वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारा गंभीरता से सराहा जा रहा है। युवा रचनाकारों को मंच देने और साहित्यिक परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ने की दिशा में ललित फाउंडेशन की यह पहल अत्यंत सराहनीय मानी जा रही है।

# इति शिवहरे मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा "भाषा सारथी सम्मान" से सम्मानित



औरैया (उत्तर प्रदेश) निवासी एवं दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की शोध छात्रा, युवा कवयित्री इति शिवहरे को मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा "भाषा सारथी सम्मान" से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें मार्च माह में प्रेस क्लब द्वारा संयोजित भव्य कवि सम्मेलन के अवसर पर प्रदान किया गया, जिसमें उनके प्रांजल भाषा में सशक्त काव्य लेखन और हिन्दी भाषा के प्रति समर्पण को सराहते हुए यह सम्मान दिया गया।

मातृभाषा उन्नयन संस्थान हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध राष्ट्र स्तरीय संस्था है, जो अब तक एक हजार से अधिक साहित्यकारों को सम्मानित कर चुकी है और लाखों लोगों को हिन्दी हस्ताक्षर अपनाने हेतु प्रेरित कर चुकी है।

## जी. डी. गोयनका स्कूल परिसर, आगरा में आयोजित ताज साहित्य उत्सव में इति शिवहरे को किया गया सम्मानित



11 एवं 12 जनवरी को जी. डी. गोयनका स्कूल परिसर, आगरा में आयोजित ताज साहित्य उत्सव के भव्य कवि सम्मेलन में दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की शोध छात्रा एवं युवा कवयित्री इति शिवहरे को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

अपनी सशक्त रचनाशीलता, सामाजिक सरोकारों पर आधारित कविताओं और मंचीय प्रस्तुति के लिए उन्हें माननीय सांसद महोदय प्रो. एसपी. सिंह बघेल व फिल्म अभिनेता डॉ अन्नू कपूर द्वारा मंच पर स्मृति चिह्न एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

ताज साहित्य उत्सव, आगरा के सांस्कृतिक परिदृश्य में साहित्य एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को समर्पित एक प्रतिष्ठित आयोजन है, जिसमें देशभर से साहित्यकार, कवि, लेखक एवं कलाकार भाग लेते हैं।